दिनांक 23 अक्टूबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

लोग पहुंच रहे हैं भिलाई के धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, 55% छूट के साथ सस्ती दर पर खरीद रहे हैं दवाई, योजना से बेहद लाभप्रद हो रहे हैं, सस्ती दवाई मिलने से पैसों की भी हो रही है भारी बचत

भिलाई नगर/ भिलाई के जेनेरिक मेडिकल स्टोर में लोगों का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है , जहां भारी संख्या में जरूरतमंद नागरिक सस्ती दवाई लेने के लिए पहुंच रहे हैं। खुर्सीपार निवासी यशवंत एवं पावर हाउस निवासी मोहम्मद अंसारी आज भिलाई के जेनेरिक मेडिकल स्टोर में दवाई लेने पहुंचे। 55% छूट के साथ उन्हें धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर से दवाई मिली उन्होंने कहा कि सस्ती दर पर दवाई मिलने से पैसे की भारी बचत हो रही है , बचत पैसे का अन्य कार्यों में उपयोग करेंगे, यशवंत ने आगे बताया कि बीमारी के कारण नियमित रूप से दवाई का सेवन करना पड़ता है , ऐसे में छूट के साथ दवाई मिलना मेरे लिए काफी लाभप्रद है! धन्वंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर्स के माध्यम से जेनरिक दवाएं उपलब्ध कराने का शासन का उद्यम बेहद सफल रहा है। दवा दुकानों में लोगों की काफी भीड़ पहुंच रही है। भिलाई में पावर हाउस स्थित मदर्स मार्केट एवं शास्त्री मार्केट तथा कुरूद भगवा चौक में धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर प्रारंभ हो चुका है। जहां दवाई के जरूरतमंद नागरिक बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। भिलाई में शास्त्री मार्केट में दवा लेने पहुंची राखी साहू ने बताया कि उनके पड़ोसी ने बताया कि उन्होंने कल मल्टी विटामिन जेनरिक दवा दुकान से खरीदी और काफी सस्ती मिली। मैंने सोचा कि मैं भी देखती हूँ। कोरोना से ठीक होने के बाद इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए मैं मल्टी विटामिन ले रही हूँ , कुछ पैसे बच जाएं तो बहुत अच्छा है। यहां मैंने देखा कि हर्बल प्रोडक्ट्स भी काफी हैं और बहुत अच्छी रेंज में हैं। मैंने हर्बल प्रोडक्ट भी ले लिये।

जनसंपर्क अधिकारी